# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 17.06.2025**

- **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही।**
- **दिनांक 22.05.2025 को थाना अमराहट क्षेत्रान्तर्गत कंटेनर लूट कर कंटेनर चालक की हत्या करने व कंटेनर में आग लगाने की घटना से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को थाना अमराहट पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना अमराहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 11/2025 धारा 309(6)/103(1)/238/ 317(2) बीएनएस में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 22.05.2025 को सिहुरा गांव के पास जंगल में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कंटेनर चालक की हत्या कर कंटेनर में आग लगा देने व टायर लूट लेने के सम्बन्ध में थाना अमराहट पर मु0अ0सं0 11/2025 धारा 326(6)/324(4)(5) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर थाना अमराहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 11/2025 में धारा 326(f)/324(4)(5) बीएनएस का लोप करते हुए धारा 309(6)/103(1)/238/ 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई तथा प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1.शिवकुमार उम्र 34 वर्ष पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम सिहुरा थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात 2.अभय यादव उम्र 24 वर्ष पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम चैनपुरवा थाना सचेन्डी जनपद कानपुर नगर 3.रामजी पुत्र धनीराम उर्फ पेरा निवासी सिहुरा थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात 4.रामप्रकाश पुत्र स्व0 लल्लूलाल निवासी सिहुरा थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात में से अभियुक्तगण 1.शिवकुमार उम्र 34 वर्ष पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम सिहुरा थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात 2.अभय यादव उम्र 24 वर्ष पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम चैनपुरवा थाना सचेन्डी जनपद कानपुर नगर को पूर्व में दिनांक 30.05.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त अभियुक्त रामप्रकाश पुत्र स्व0 लल्लू निवासी ग्राम सिहुरा थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 17.06.2025 को समय करीब 03.20 बजे गोपाल महाविद्यालय महटौली सिहुरा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लूटे गये 02 टायरों की बरामदगी हुयी है। शेष 01 अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

1. रामप्रकाश पुत्र स्व0 लल्लू निवासी ग्राम सिहुरा थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 54 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली थाना अमराहट पुलिस टीम-**

1.थानाध्यक्ष श्री राहुल कुमार
2.उ0नि0 श्री उमेश कुमार
3.हे0का0 583 दीपक कुमार
4.हे0का0 608 राजीव कुमार
5.का0 945 अभिषेक कुमार